# टीसीआई के राजस्व में 20% पर्सेंट की बढ़ोतरी

■ **बिजनेस डेस्क, मुंबई:** इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सॉल्युशन्स प्रोवाइडर ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने 30 सितंबर 2021 को समाप्त दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने कहा कि वैल्यू चेन में दक्षता और इंटिग्रेटेड सिंगल-विंडो सॉल्युशन पर जोर देने के कारण टीसीआई को सालाना आधार पर 20.3 पर्सेंट और सिक्वेंशियल 18.6 पर्सेंट की बढ़ोतरी के साथ 737 करोड़ रुपये का ऑपरेशंस से राजस्व मिला है। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 66 करोड़ रुपये की तुलना में 104 करोड़ रुपये का एबिट्डा रहा। एबिट्डा मार्जिन 14.1 पर्सेंट रहा है।